के. एन. व्यास
K. N. Vyas

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
Government of India

अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग
व
सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग
Chairman, Atomic Energy Commission
&
Secretary, Department of Atomic Energy

संदेश

प्रिय साथियो,

हिन्दी दिवस (14 सितंबर, 2019) के शुभ अवसर पर मैं, परमाणु ऊर्जा विभाग की विभिन्न इकाइयों, उपक्रमों और सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्यरत अपने सभी साथियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ।

परमाणु ऊर्जा विभाग देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए सतत् प्रयास कर रहा है। नाभिकीय विद्युत न केवल स्वच्छ ऊर्जा है, बल्कि यह पर्यावरण हितैषी भी है। यह विभाग अपने नागरिकों को बेहतर गुणवत्ता वाली जीवन शैली प्रदान करने के उद्देश्य से कृषि, चिकित्सा और औद्योगिक क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों का विकास कर महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

साथियो, यह विभाग अपने अधिदेश (Mandate) के साथ-साथ राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में भी तत्परता से कार्य कर रहा है। यह हमारा संवैधानिक दायित्व है, कि हम अपने सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करें और राजभाषा संबंधी अधिनियमों और नियमों का पालन करते हुए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करें। अपने सरकारी कामकाज में सरल हिंदी का प्रयोग करते हुए इसके स्वभाविक स्वरूप को बनाए रखना भी हमारी जिम्मेदारी है।

मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि विभाग की संघटक इकाइयों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ा है, किंतु अभी भी हमें एक लम्बा रास्ता तय करना है। मैं सभी यूनिट प्रधानों से अनुरोध करूंगा कि वे व्यक्तिगत रूचि लेते हुए अपनी यूनिट में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर, मैं यह अपील करना चाहता हूँ कि हम सभी अपना सरकारी कामकाज स्वयं भी हिंदी में करें और अपने साथियों को भी प्रोत्साहित करें। मुझे पूरा विश्वास है कि आपसी सहयोग से हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में अवश्य सफल होंगे।

एक बार पुन: हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिंद!

कमलेश व्यास.
(के. एन. व्यास)

मुंबई
14 सितंबर, 2019

अणुशक्तिभवन, छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग, मुंबई - 400 001, भारत • Anushakti Bhavan, Chhatrapati Shivaji Maharaj Marg, Mumbai - 400 001, India
दूरभाष/Phone:+(91) (22) 2202 2543 • फैक्स/Fax: +(91) (22) 2204 8476 / 2284 3888
ई-मेल/E-mail: chairman@dae.gov.in

राष्ट्र की सेवा में परमाणु
प ऊ वि
DAE
ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION